* लागू लागत सब्सिडी मशीन की निश्चित या अधिकतम लागत के प्रतिशत तक की सीमित होगी। उपरोक्त के रूप में प्रति मशीन अनुमत सब्सिडी, जो भी कम हो ऊपर बताए अनुसार होगी।

9 किसानों के लिए प्रसार एवं प्रशिक्षण

क्या करें ?

* आत्मा के माध्यम से संचालित विस्तार सुधार योजना के अंतर्गत प्रखंड व निचले स्तर पर कृषि विस्तार के लिए 24,000 / प्रति ब्लॉक (1 बीटीएम एवं 3 एटीएम) विस्तार समर्पित कर्मियों की नियुक्ति का प्रावधान है। किसान अपने लिए या अपने क्षेत्र के लिए उचित तकनीकी जानकारी सरकार के किसी भी कार्यक्रम / योजना के बारे में अथवा कृषि संबंधी अन्य जानकारी के लिए इन विस्तार कर्मियों या राज्य सरकार के कृषि व संबद्ध विभागों के कर्मियों से संपर्क करें।
* फार्म स्कूल अथवा प्रदर्शन प्लाट की स्थापना करें अथवा भाग लें।
* वेबसाईट से सटीक सूचना प्राप्त करें और हस्त चालित यन्त्र से अपने खेत को पंजीकृत कराएं।
* कृषि से संबंधित नवीनतम ज्ञान व सूचना प्राप्त करने के लिए दूरदर्शन (18 क्षेत्रीय केन्द्र, एक राष्ट्रीय केन्द्र एवं 180 कम क्षमता के ट्रांसमीटर), एफएम रेडियो स्टेशनों (96) अथवा निजी चैनलों पर प्रसारित कृषि कार्यक्रमों का लाभ उठा सकते हैं।
* किसान काल सेंटर / विशेषज्ञों के माध्यम से अपने प्रश्नों के उत्तर पाने के लिए नजदीकी किसान काल सेंटर टोल मुफ्त नं. (1800-180-1551) से साल के 365 दिन प्रात: 6 बजे से रात्रि 10 बजे के बीच संपर्क कर सकते हैं।
* कृषि में निर्धारित योग्यताधारी छात्र दो माह का नि:शुल्क प्रशिक्षण प्राप्त करके 36 प्रतिशत अनुदान (अनुसूचित जाति / जनजाति, पूर्वोत्तर व पर्वतीय राज्यों / महिलाओं के लिए 44 प्रतिशत) के साथ बैंक ऋण की सहायता से एग्री-क्लिनिक / एग्री-बिजनेस केन्द्र की स्थापना कर सकते हैं।
* प्रगतिशील किसानों के लिए आयोजित भ्रमण यात्रा एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लें।
* मोबाइल पर बिना इंटरनेट के भी वेबसाइट द्वारा अनुदेशात्मक एसएमएस मोड से चयनित सूचना एवं सेवाएं प्राप्त करें।
* स्थानीय सूचना/जानकारी (कृषि कार्य निर्देश, डीलरों की सूची, फसल संबंधी सलाह आदि) प्राप्त करने के लिए सीधे अथवा इंटरनेट कैफे / कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से किसान पोर्टल देखें। किसान काल सेंटर अथवा कॉमन सर्विस सेंटर के लिए 51969 या 9212357123 पर एसएमएस (किसान पंजीकरण < अपना नाम >, < राज्य के पहले चार अक्षर >, < जिला के प्रथम चार अक्षर >, < ब्लाक के प्रथम चार अक्षर लिखकर) किसान स्वयं को पंजीकृत करा कर एसएमएस पोर्टल का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

क्या पायें ?

क : किसानों की प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण के लिए सहायता

क्र. सं.	सहायता का प्रकार	कार्य के लिए सहायता का पैमाना	स्कीम / घटक
1.	50-150 कृषकों के समूह को बीज उत्पादन और बीज प्रौद्योगिकी पर प्रशिक्षण	रू. 15,000/- प्रति समूह	बीज ग्राम कार्यक्रम
2.	50-150 कृषकों के समूह को बीज उत्पादन और बीज प्रौद्योगिकी पर प्रशिक्षण	रू. 15,000/- प्रति प्रशिक्षण क) बीज की फसल की बुवाई के समय : बीज उत्पादन तकनीक, अलगाव दूरी, बुवाई पद्धति एवं अन्य कृषि पद्धतियों पर प्रशिक्षण। ख) फसल में फूल आने के समय ग) फसल कटाई के बाद एवं बीज प्रसंस्करण के समय।	ग्राम बीजक कार्यक्रम के जरिए तिलहनों, दलहनों, चारा और हरी खाद फसलों के प्रमाणिक बीज का उत्पादन।
3.	मान्यता प्राप्त संस्थानों में किसानों का प्रशिक्षण (वजीफा, आवास, खानपान एवं आने-जाने का परिवहन लागत किसानों को उपलब्ध कराया जाएगा)	प्रति किसान रू. 5200/- प्रति माह	कटाई उपरांत प्रौद्योगिकी प्रबंधन
4.	किसानों के लिए प्रशिक्षण	30 किसानों के बैच को 2 दिवसीय प्रशिक्षण के प्रति प्रशिक्षण रू. 24,000/- (रू. 400/- प्रति किसान प्रति दिन की दर से)	एनएमओओपी
5.	किसानों के समूह लिए पौध संरक्षण उपायों पर प्रशिक्षण	क) एनजीओ / निजी संस्थानों के लिए प्रति किसान खेत पाठशाला रू. 29,200/- ख) राज्य सरकार के संस्थानों के लिए रू. 26,700/-	पौध संरक्षण स्कीम
6.	विभिन्न कृषि मशीनों एवं उपकरणों की मरम्मत, रखरखाव, प्रचालन एवं चयन तथा कटाई पश्चात प्रबंधन	रू. 4,000/- प्रति व्यक्ति प्रति सप्ताह	कृषि मशीनीकरण संबंधी उप मिशन (एमएमएएम)

क्र. सं.	सहायता का प्रकार	कार्य के लिए सहायता का पैमाना	स्कीम / घटक
7.	सब्जी उत्पादन व संबंधित विषयों पर किसानों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण	रू. 1500/- प्रति किसान प्रति प्रशिक्षण (परिवहन व्यय अतिरिक्त)	शहरी क्षेत्रों में सब्जियों की खेती (वीआईयूसी)
8.	15-20 कृषकों के समूहों / कृषक संगठनों को प्रोत्साहन एवं वित्तीय संस्थाओं तथा संग्राहकों से जोड़ना	तीन वर्षों तक विस्तारित तीन किस्तों में रू. 4075/- प्रति किसान	शहरी क्षेत्रों में सब्जियों की खेती (वीआईयूसी)
9.	ग्रामीण भण्डारण योजना हेतु किसानों में जागरूकता फैलाने के लिए राष्ट्रीय कृषि विपणन संस्थान, जयपुर द्वारा 3 दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम	रू. 30,000/- प्रति कार्यक्रम	ग्रामीण भण्डारण योजना
10.	किसानों के लिए अंतर्राज्य प्रशिक्षण (50 मानव दिवस प्रति प्रखंड)	रू. 1250/- प्रति किसान प्रतिदिन जिसमें परिवहन, खाने-पीने व रहने का खर्च शामिल है	आत्मा योजना, एनएचएम / एचएमएनईएच, एमआईडीएच के अंतर्गत उपस्कीम
11.	किसानों के लिए राज्य के अन्दर प्रशिक्षण (100 मानव दिवस प्रति प्रखंड)	रू. 1000/- प्रति किसान प्रतिदिन जिसमें परिवहन, खाने-पीने व रहने का खर्च शामिल है	आत्मा योजना
12.	किसानों के लिए जिले के अन्दर प्रशिक्षण (1000 मानव दिवस प्रति प्रखंड)	आवासीय प्रशिक्षण में रू. 400/- प्रति किसान प्रतिदिन जिसमें परिवहन, खाने-पीने व रहने का खर्च शामिल है; अन्यथा रू. 250/- प्रति किसान प्रतिदिन	आत्मा योजना, एनएचएम / एनएमएनईएच एमआईडीएचके अंतर्गत उप स्कीम
13.	कृषि प्रदर्शन (125 फसल प्रदर्शन प्रति ब्लॉक)	रू. 4000/- प्रति फसल प्रदर्शन प्लाट (0.4 हेक्टेयर)	आत्मा योजना
14.	किसान पाठशाला (फसल की 6 महत्वपूर्ण अवस्थाओं पर प्रति मौसम 25 किसानों को प्रशिक्षण)	रू. 29,414/- प्रति किसान पाठशाला	आत्मा योजना
15.	7 दिन का अन्तर्राज्यीय भ्रमण (4 किसान प्रति ब्लॉक)	रू. 1000/- प्रतिदिन/किसान जिसमें परिवहन, खाने-पीने व रहने का खर्च शामिल है।	आत्मा योजना

क्र. सं.	सहायता का प्रकार	कार्य के लिए सहायता का पैमाना	स्कीम / घटक
16.	5 दिन का राज्य के अन्दर भ्रमण (32 किसान प्रति ब्लॉक)	रू. 500/- प्रतिदिन/किसान जिसमें परिवहन, खाने-पीने व रहने का खर्च शामिल है।	आत्मा स्कीम के अंतर्गत एनएचएम / एचएमएनईएच एमआईडीएच उप स्कीम
17.	3 दिन का जिला स्तर का प्रशिक्षण भ्रमण (100 किसान प्रति ब्लॉक)	रू. 300/- प्रतिदिन/किसान जिसमें परिवहन, खाने-पीने व रहने का खर्च शामिल है।	आत्मा स्कीम
18.	क) किसान समूहों का क्षमता एवं कौशल विकास व अन्य सहयोगी सेवाओं के लिए (प्रति ब्लॉक 20 समूहों के लिए) ख) आमदनीजनक कार्यों के लिए इन समूहों को एक मुश्त राशि ग) महिलाओं के खाद्य सुरक्षा समूह (प्रति ब्लॉक 2 समूह)	रू. 5,000/- प्रति समूह रू. 10,000/- प्रति समूह रू. 10,000/- प्रति समूह	आत्मा स्कीम
19.	मिट्टी जांच प्रयोगशालाओं द्वारा चुने हुए गांवों में फ्रंट लाइन प्रदर्शन (एफएलडी) फ्रंट लाइन प्रदर्शन (एफएलडी) आईसीएआर संस्थानों द्वारा आयोजित फ्रंट लाइन प्रदर्शन (एफएलडी)	रू. 20,000/- प्रति प्रदर्शन आईसीएआर और इक्रीसॅट हैदराबाद को 100 प्रतिशत सहायता, जो मूंगफली के लिए अधिकतम रू. 12,000/- प्रति हेक्टेयर; सोयाबीन, रेपसीड, सरसों, सूरजमुखी के लिए अधिकतम रू. 7,500/- प्रति हेक्टेयर; तिल, कुसुम, तिल्ली, अलसी और एरंड के लिए रू. 6000/- प्रति हेक्टेयर और आईसीएआर द्वारा विकसित मूंगफली में पोलीथीन मल्च तकनीकी फ्रंटलाइन प्रदर्शन के लिए रू. 5000/- प्रति हेक्टेयर सहायता होगी।	राष्ट्रीय मृदा स्वास्थ्य एवं उर्वरकता प्रबंधन परियोजना राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (तिलहन एवं ऑयल पॉम)
	(i) चावल, गेहूँ एवं दलहन (ii) मोटा अनाज / न्यूट्री सिरियल (iii) कृषि विज्ञान केन्द्रों के माध्यम से दलहन का कलस्टर में फ्रंट लाइन फसल प्रदर्शन (एलएलडी)	रू. 9,000/- प्रति हेक्टेयर रू. 6,000/- प्रति हेक्टेयर रू. 9,000/- प्रति हेक्टेयर	एनएफएसएम एनएफएसएम एनएफएसएम

क्र. सं.	सहायता का प्रकार	कार्य के लिए सहायता का पैमाना	स्कीम / घटक
20.	राज्यों द्वारा बेहतर पैकेज पद्धति का प्रदर्शन (i) चावल एवं गेहूँ (ii) दलहन (iii) मोटा अनाज / न्युट्री सिरियल केवल राज्यों द्वारा फसल प्रणाली आधारित प्रदर्शन (iv) चावल (v) गेहूँ एवं दलहन	 रू. 9,000/- प्रति हेक्टेयर रू. 9,000/- प्रति हेक्टेयर रू. 6,000/- प्रति हेक्टेयर रू. 15,000/- प्रति हेक्टेयर रू. 15,000/- प्रति हेक्टेयर	 एनएफएसएम एवं बीजीआरईआई एनएफएसएम एनएफएसएम एनएफएसएम एवं बीजीआरईआई एनएफएसएम
21.	वैकल्पीय व सघन तकनीकी ज्ञान का खेत स्तरीय प्रदर्शन (जूट फसल)	रू. 20,000/- प्रति प्रदर्शन (आदान के लिए रू. 17,000/- और आकस्मिक कार्य के लिए रू. 3,000/-)	- तदैव -
22.	उत्पादन तकनीकों / अन्तरफसल का खेत स्तरीय प्रदर्शन	रू. 9,000/- प्रति हेक्टेयर (आदान के लिए रू. 8,000/- और आकस्मिक कार्य के लिए रू. 3,000/-)	राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन व्यावसायिक फसल (जूट)
23.	एकीकृत फसल प्रबंधन का फ्रंट लाइन प्रदर्शन	रू. 8,000/- प्रति हेक्टेयर (आदान के लिए रू. 7,000/- और आकस्मिक कार्य के लिए रू. 1,000/-)	राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन व्यावसायिक फसल (कपास)
24.	देशी एवं ईएलस कपास और ईएलस कपास बीज उत्पादन का फ्रंट लाइन प्रदर्शन	रू. 9,000/- प्रति हेक्टेयर (आदान के लिए रू. 8,000/- और आकस्मिक कार्य के लिए रू. 1,000/-)	- तथैव -
25.	अंतरफसल का फ्रंट लाइन प्रदर्शन	रू. 8,000/- प्रति हेक्टेयर (आदान के लिए रू. 7,000/- और आकस्मिक कार्य के लिए रू. 1,000/-)	- तथैव -
26.	सघन पौध रोपण पद्धति का परीक्षण	रू. 10,000/- प्रति हेक्टेयर (आदान के लिए रू. 9,000/- और आकस्मिक कार्य के लिए रू. 1,000/-)	- तथैव -
27.	गन्ने के साथ अंतरफसल तथा सिंगल बड चिप तकनीक का प्रदर्शन	रू. 9,000/- प्रति हेक्टेयर (आदान के लिए रू. 8,000/- और आकस्मिक कार्य के लिए रू. 1,000/-)	राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन व्यावसायिक फसल (गन्ना)

क्र. सं.	सहायता का प्रकार	कार्य के लिए सहायता का पैमाना	स्कीम / घटक
28.	फसल आधारित प्रशिक्षण – प्रत्येक खरीफ और रबी सीजन की शुरूआत में प्रत्येक प्रशिक्षण के 4 सत्र में 30 किसानों का एक समूह (चावल / गेहूं / दालें / न्यूट्र-अनाज)	रू. 35,000/- प्रति सत्र अथवा रू. 14,000/- प्रति प्रशिक्षण	एनएफएसएम एवं बीजीआरईआई
29.	ट्रेक्टर एवं अन्य कृषि मशीनों के चयन, प्रचलन और रखरखाव संबंधी प्रशिक्षण।	एक से 6 सप्ताह तक की अवधि के लिए उपयोगकर्ता स्तर तक के पाठ्यक्रम के लिए साधारण श्रेणी से आने-जाने के किराये सहित प्रति किसान रू. 1,200/- वजीफा एवं नि:शुल्क आवास की व्यवस्था।	प्रशिक्षण, जांच और प्रदर्शन के जरिए कृषि मशीनों को प्रोत्साहन एवं सुदृढ़ीकरण।
30.	क्षेत्रों में ब्लॉक प्रदर्शन	मूंगफली के लिए रू. 10,000/- प्रति हेक्टेयर, सोयाबीन के लिए रू. 6000/- प्रति हेक्टेयर, सरसों, तिल, अलसी और नाइजर के लिए रू. 3000/- प्रति हेक्टेयर और सुरजमुखी के लिए रू. 4000/- प्रति हेक्टेयर	एनएमओओपी
31.	किसानों का प्रशिक्षण जिसमें क्षेत्र प्रदर्शन, एकीकृत कृषि, जलवायु परिवर्तन, अनुकूलता, मिट्टी, पानी तथा फसल प्रबंधन की उत्तम कृषि पद्धतियों के आधार पर क्षेत्र दौरों के जरिए किसानों एवं अंशधारकों (स्टेकहोल्डरों) का क्षमता निर्माण	20 अथवा अधिक प्रतिभागियों के एक सत्र के लिए रू. 10,000/- प्रति प्रशिक्षण। 50 प्रतिभागियों अथवा अधिक से एक समूह के लिए रू. 20,000/- प्रति फसल प्रदर्शन।	एनएमएसए का आरएडी घटक
32.	मृदा स्वास्थ्य संबंधी प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन	खेत प्रदर्शन सहित 20 या अधिक किसानों के लिए रू. 10,000/- प्रति प्रशिक्षण सत्र, प्रति फ्रंट लाइन खेत फसल प्रदर्शन के लिए रू. 20,000/-	- तदैव -

किससे सम्पर्क करें ?

जिला कृषि अधिकारी / जिला बागवानी अधिकारी / परियोजना निदेशक (आत्मा)

कौशल विकास कार्यक्रम

मुख्य विशेषताएं

* कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में कुशल मानव श्रम का सृजन करने के लिए ग्रामीण युवा और किसानों हेतु कौशल विकास प्रशिक्षण पाठ्यक्रम
* 200 घंटे से अधिक अवधि का पाठ्यक्रम जिससे पारिश्रमिक रोजगार तथा स्व-रोजगार को बढ़ावा मिलेगा।
* भारतीय कृषि कौशल परिषद द्वारा विकसित कौशल प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों के लिए योग्यता पैक (क्यूपी) को कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग तथा आईसीएआर द्वारा अपनाया जा रहा है।
* वर्ष 2018-19 में 200 घंटे की अवधि का कौशल विकास पाठ्यक्रम चयनित कृषि विज्ञान केन्द्र (केवीके), राज्य कृषि विश्वविद्यालयों, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के संस्थान एवं राज्य स्तर के संस्थानों के माध्यम से संचालित किया जाएगा।
* शिक्षित और प्रमाणित प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण।
* भारतीय कृषि कौशल परिषद् (एएससीआई) द्वारा तृतीय पक्ष मूल्यांकन।
* कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय और भारतीय कृषि कौशल परिषद् (एएससीआई) द्वारा प्रमाणन

सहायता की पद्धति

* यह सभी पाठ्यक्रम ग्रामीण युवा और किसानों के लिए नि:शुल्क है।
* अभ्यर्थियों का चयन संबंधित प्रशिक्षण संस्थानों (कृषि विज्ञान केन्द्र / कृषि विश्वविद्यालयों और आईसीएआर संस्थानों तथा कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग के अधीन संस्थानों) द्वारा किया जाता है।

किससे संपर्क करें ?

* जिला स्तर पर चयनित कृषि विज्ञान केन्द्रों के कार्यक्रम समन्वयक।
* भारतीय कृषि कौशल परिषद् (एएससीआई) - www.asci.india.com, agricoop.nic.in

इनपुट डीलरों के लिए कृषि विस्तार सेवाओं में डिप्लोमा (डीएईएसआई)

खेती उत्पादन और किसान की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान के लिए कृषि–इनपुट डीलर डिप्लोमा (डीएईएसआई) शुरू किया गया।

विशेषताएँ

* फसल उत्पादन प्रौद्योगिकियों और कृषि आदान (इनपुट) के विनियमन से संबंधित कानूनों पर इनपुट डीलरों को प्रशिक्षण देने के लिए अक्टूबर, 2015 में शुरू किया गया।
* किसानों को प्रौद्योगिकी में प्रभावी हस्तांतरण के इन इनपुट डीलरों को पैरा–एक्सटेंशन श्रमिकों में बदलन बदलने के लिए 48 कक्षा कक्ष सत्रों (40 थ्योरी + 8 फील्ड विजिट) में एक वर्ष का प्रशिक्षण पाठ्यक्रम।

सहायता की पद्धति

* कोर्स शुल्क रू. 20,000/– प्रति इनपुट डीलर भारत सरकार द्वारा रू. 10,000/– तक सब्सिडी।
* कृषि–इनपुट कंपनियां 50 प्रतिशत प्रशिक्षण लागत देकर अपने इनपुट डीलरों को भी प्रायोजित कर सकती हैं।

किससे संपर्क करें ?

* पाठ्यक्रम कृषि विज्ञान केन्द्र, राज्य कृषि विश्वविद्यालय, अनुमोदित प्रशिक्षण केन्द्र और राज्य कृषि प्रबंधन और विस्तार प्रशिक्षण संस्थान (एसएमटीआई) द्वारा आयोजित किए जाते हैं।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :

डीजी, राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान (MANAGE), हैदराबाद,

दूरभाष संख्या : 040–24015253

www.manage.gov.in, www.agricoop.nic.in; www.agriculture.gov.in

एग्री-क्लीनिक एवं एग्री-बिजनेस (ए.सी. और ए.बी.सी.) योजना

एग्री-क्लीनिक एवं एग्री-बिजनेस (एसी और एबीसी) अप्रैल, 2002 से सार्वजनिक विस्तार के प्रयासों को पूरक बनाने, कृषि विकास का समर्थन करने और बेरोजगार युवाओं को कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में योग्यता के साथ लाभकारी स्व-रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए कार्यान्वित किया जाता है।

विशेषताएं

* राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान (MANAGE), हैदराबाद, एसी और एबीसी प्रशिक्षण घटक के लिए कार्यान्वयन एजेंसी है।
* राष्ट्रीय कृषि ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) एसी और एबीसी योजना के सब्सिडी घटक के लिए कार्यान्वयन एजेंसी है।
* 60 दिनों की अवधि का आवासीय प्रशिक्षण देश के विभिन्न हिस्सों में चयनित नोडल प्रशिक्षण संस्थानों (एनटीआई) के माध्यम से कृषि संबंधित पाठ्यक्रमों में कृषि स्नातक, कृषि डिप्लोमा धारक, कृषि से इण्टरमीडिएट एवं कृषि से संबंधित पाठ्यक्रमों में प्रास्नातक के साथ स्नातकों में शिक्षित बेरोजगार उम्मीदवारों को दिया जाता है।

सहायता की पद्धति

इस योजना के अन्तर्गत प्रशिक्षित उम्मीदवारों द्वारा लिए जाने वाले बैंक ऋण पर क्रेडिट लिंक्ड बैंक-एंडेड अपफ्रंट सब्सिडी का प्रावधान है। महिलाएं, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और उत्तर-पूर्वी एवं पहाड़ी क्षेत्रों के सभी वर्गों के उम्मीदवारों के लिए यह सब्सिडी 44 प्रतिशत है और अन्य वर्गों के उम्मीदवारों के लिए यह सब्सिडी 36 प्रतिशत है।

* इस योजना के अन्तर्गत व्यक्तिगत योजना के लिए रूपये 20 लाख तक और सामूहिक परियोजना के लिए रूपये 100 लाख तक के क्रेडिट सहायता का प्रावधान है।

किससे सम्पर्क करें ?

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :

डीजी, राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान (MANAGE), हैदराबाद

दूरभाष संख्या : 040-24015253

www.manage.gov.in, www.agricoop.nic.in; www.agriculture.gov.in

किसान कॉल सेन्टर (केसीसी) - 1551, 18001801551

विशेषताएं

* किसान कॉल सेन्र (केसीसी) 21 जनवरी, 2004 को शुरू हुआ।
* केसीसी के लिए राष्ट्रव्यापी एकल टोल फ्री नंबर : 1800 180 1551
* यह 365 दिन सुबह 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक ऑप्रेशनल है।
* किसानों के प्रश्नों को उत्तर देश के 21 स्थानों पर 22 भाषाओं में दिए जाते हैं।
* इसे सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में लागू किया गया है।
* जिन प्रश्नों का उत्तर फार्म टेली एडवाइजर्स (एफटीए) द्वारा नहीं दिया जा सकता है उन्हें कॉल कॉन्फ्रेंसिंग मोड में उच्च स्तरीय विशेषज्ञों में स्थानांतरित किया जाता है।
* केसीसी, एफटीए द्वारा दिए गए उत्तर को एसएमएस द्वारा भी किसानों को भेजा जाता है।

सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी)

एम-किसान पोर्टल

विभाग ने एक पोर्टल विकसित किया है - एम-किसान (mkishan.gov.in), जिससे लगभग 4.23 करोड़ किसान पंजीकृत हैं और आईएमडी, आईसीएआर, राज्य सरकार एवम् राज्य कृषि विश्वविद्यालयों जैसे विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ / वैज्ञानिक किसानों को स्थानीय भाषाओं में जानकारी प्रदान करते हैं।

वर्षा की किस्मों के चयन में उचित निर्णय लेने में मदद करता है। बाजार की बुवाई और कटाई के समय पर, बीज की किस्मों के चयन में उचित निर्णय लेने में मदद करता है। बाजार की जानकारी के साथ, किसानों को उत्पाद बेचने के लिए बाजारों, मौजूदा बाजार मूल्यों और बाजार में मांग की मात्रा को बेहतर तरीके से सूचित किया जाता है। इस प्रकार, वे सही समय पर सही कीमत पर उत्पाद बेचने का निर्णय ले सकते हैं। यह बाजार की आपूर्ति में उतार-चढ़ाव के कारण किसानों द्वारा बिक्री में संकट को कम करने में मदद करता है।

किसान पोर्टल

किसान पोर्टल किसानों के लिए वन-स्टॉप शॉप है जहां किसान, बीज, उर्वरक, कीटनाशकों, ऋण, अच्छे कृषि प्रथाओं, डीलर नेटवर्क, इनपुट की उपलब्धता, कृषि मौसम संबंधित सलाह इत्यादि कई विषयों के बारे में प्रासंगिक जानकारी प्राप्त कर सकता है। यह जानकारी भारत के मानचित्र के सचित्र दृश्य के माध्यम से भी होम पेज पर रखा गया है।



किसान सुविधा एप

* किसान सुविधा मोबइल ऐप का इस्तेमाल मोबाइल के माध्यम से किसानों को प्रासंगिक जानकारी प्रदान करने के लिए किया जा सकता है। इस ऐप के माध्यम से किसानों को मौसम, बाजार मूल्य, पादप संरक्षण, कृषि सलाहकार, मौसम अलर्ट, बीज, कीटनाशक, उर्वरक, फार्म मशीनरी के व्यापारी, किसान कॉल सेन्टर, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, शीत भण्डार व गोदामों पर जानकारी उपलब्ध कराई जा सकती है।
* यह अंग्रेजी, हिन्दी, तमिल, गुजराती, उड़िया, पंजाबी, मराठी – 7 भाषाओं में उपलब्ध है।
* किसान गुगल प्ले स्टोर (Google Play Store) के माध्यम से किसान सुविधा ऐप डाउनलोड कर सकता है और सभी जानकारी मुफ्त में प्राप्त कर सकता है।



10 कृषि ऋण

क्या करें ?

* किसान अपने आपको सूदखोरों के चंगुल से बचाने के लिए बैंकों से कृषि ऋण की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं।
* किसानों की फसल ऋण व सावधि ऋण जरूरतों को पूरा करने के लिए यह सुविधा देश भर में फैले वाणिज्यिक बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और सहकारी ऋण संस्थाओं के विशाल नेटवर्क के जरिए उपलब्ध है।
* बैंक ऋण का समय से भुगतान सुनिश्चित करें।
* किसानों को अपने ऋण का समुचित ब्यौरा रखना चाहिए।
* बैंक ऋण का उपयोग उसी उद्देश्य के लिए करें, जिसके लिए ऋण लिया गया है।

क्या पायें ?

क : किसानों को ऋण सुविधा

क्र.सं.	ऋण सुविधा	सहायता का पैमाना
1.	ब्याज सहायता समर्थक / प्रतिभूति की आवश्यकता रहित ऋण	प्रति वर्ष 7 प्रतिशत ब्याज की दर से रू. 3 लाख तक फसल ऋण। सही समय पर ऋण चुकता करने पर किसानों के ब्याज पर आर्थिक सहायता के रूप में 4 प्रतिशत से 3 प्रतिशत तक ब्याज पर छूट। एक लाख रूपये तक के कृषि ऋण के लिए किसी समर्थक प्रतिभूति की आवश्यकता नहीं है।
2.	किसान क्रेडिट कार्ड	किसान फसल ऋण सुविधा किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ले सकते हैं। ऋण सीमा किसान द्वारा जोती गई जमीन और बोई फसल पर निर्धारित की जाती है। किसान क्रेडिट कर्ा 3 से 5 साल के लिए वैध होता है। किसानों की दुर्घटना में मृत्यु / अशक्तता को कवर किया जाता है। फसल बीमा योजना के अंतर्गत फसल ऋण को भी कवरेज दिया जाता है।
3.	निवेश ऋण	सिंचाई, कृषि मशीनीकरण, भूमि विकास, रोपण, बागवानी एवं कटाई उपरांत प्रबंधन इत्यादि में निवेश के लिए भी किसानों को ऋण भी सुविधा उपलब्ध है।

स्वः कृषि जिन्सों के लिए मूल्य नीति - न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के अंतर्गत तिलहनों, दलहनों एवं कपात की खरीद के लिए मूल्य सहायता योजना (पीएसएस)

स्कीम का नाम	उद्देश्य	लाभार्थी	क्रियान्वयन एजेंसी	स्कीम के अंतर्गत कवर होने वाले उपज	उत्पादकों को होने वाले लाभ	सहायता का पैमाना
मूल्य समर्थन योजना (पी एस एस)	प्रति वर्ष रबी एवं खरीफ दोनों फसल मौसम में भारत सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से नीचे मूल्य गिरने की स्थिति में तिलहन, दलहन एवं कोपरा, गन्ना और कच्चे जूट, कपास उत्पादकों को लाभकारी / सुनिश्चित मूल्य उपलब्ध कराना।	देश के सभी अनाज तिलहन, दालें और कपास, कोपरा, गन्ना और कच्चे जूट उत्पादक।	(i) केन्द्रीय एजेंसियां : नैफेड एवं लघु कृषक कृषि व्यापार संघ (एसएफएसी) (ii) राज्य एजेंसियां : राज्य सहकारी विपण ान / उपज संघ और केन्द्रीय एजेंसियों द्वारा राज्य स्तर पर नियुक्त कोई अन्य संगठन (iii) प्राथमिक एजेंसियां : ग्रामीण स्तर पर सहकारी विपण ान समितियां, किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ), किसान उत्पादक कंपनियां (एफपीसी)	सीएसीपी 23 वस्तुओं के एमएसपी की सिफारिश करता है, जिसमें 7 अनाज (धान, गेहूं, मक्का, ज्वार, बाजरा, जौ और रागी), 5 दालें (ग्राम, तूर, मूंग, उरद, मसूर) 7 तिलहन (मूंगफली, रैपसीड-सरसों, सोयाबीन, सीसम, सूरजमुखी, नाइजर सीड्स) और 4 वाणि ाज्यिक फसलों (कोपरा, गन्ना, कपास और कच्चा जूट)	मूल्य समर्थन योजना के प्रचालन से यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि किसी उपज विशेष का बाजार मूल्य, न्यूनतम समर्थन मूल्य से नीचे गिरने की स्थिति में किसान को न्यूनतम गारंटी मूल्य मिल सके।	(i) किसान : किसी उपज विशेष का मूल्य न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम होने पर किसानों को पूरा न्यूनतम समर्थन मूल्य का भुगतान। (ii) केन्द्रीय एजेंसियां : केन्द्रीय एजेंसियों को हुई हानि की भरपाई भारत सरकार द्वारा की जाती है। इसके अलावा कोपरा की खरीद पर 2.5 प्रतिशत की दर से और तिलहन, दलहनों एवं कपास के लिए 1.5 प्रतिशत की दर से सेवा शुल्क का भुगतान भी केन्द्रीय एजेंसियों को किया जाता है। (iii) राज्य एवं प्राथमिक एजेंसियां : स्टोर से भण्डारण तक हुए सभी व्यय मिलाकर न्यूनतम समर्थन मूल्य और प्रचलित मूल्य में हुए अंतर का भी भुगतान राज्य एजेंसियों को भारत सरकार / केन्द्रीय एजेंसियों द्वारा किया जाता है। इसके अलावा गोदाम के बाहर 1 : सेवा शुल्क का भी भुगतान किया जाता है।

किससे संपर्क करें ?

1. संयुक्त सचिव (सहकारिता), कृषि सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग, कृषि भवन, नई दिल्ली-1
2. राज्य की राजधानियों में स्थित नैफेड / एसएफसी के क्षेत्रीय कार्यालय।
3. सहकारी विपणन / उत्पाद संघ के जिला स्तर के कार्यालय।

4. तहसील स्तर पर सहकारी विपणन समितियों और ब्लॉक स्तर पर एफपीओ / एफपीसी।

न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी)

तिलहन/दलहन और कपास का न्यूनतम समर्थन मूल्य भारत सरकार द्वारा जून और अक्टूबर माह में (वर्ष में दो बार) रबी और खरीफ फसल की बुआई के पूर्व घोषित किए जाते हैं। जिससे किसान इन फसलों की बुआई के लिए अच्छी तरह निर्णय ले सकें। कटाई के समय किसान, क्षेत्र में प्रचलित बाजार मूल्य की तुलना भारत सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य के साथ कर सकते हैं। यदि बाजार मूल्य, न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम हो तो वह खरीद प्रक्रिया से संबंधित प्राधिकारियों से तुरंत संपर्क कर सकते हैं।

भारत सरकार द्वारा खरीफ सीजन 2018-19 न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी)

क्र. सं.	खरीफ फसलें	न्यूनतम समर्थन मूल्य	क्र. सं.	खरीफ फसलें	न्यूनतम समर्थन मूल्य
1.	धान (सामान्य)	1750	8.	उड़द	5600
	(ग्रेड अ)	1770	9.	कपास (मध्यम रेशा)	5150
2.	ज्वार (हाइब्रिड)	2430		(लंबा रेशा)	5450
	(मालदांडी)	2450	10.	मूंगफली छिलका सहित	4890
3.	बाजरा	1950			
4.	मक्का	1700	11.	सूरजमूखी बीज	5388
5.	रागी	2897	12.	सोयाबीन	3399
6.	अरहर (तूर)	5675	13.	तिल	6249
7.	मूंग	6975	14.	रामतिल	5877

इसमें सभी भुगतान की गई लागतें शामिल हैं जैसे किराया मानव श्रम, बैल श्रम / मशीन श्रम, पट्टा भूमि के लिए अदा किया गया किराया, बीज, उर्वरक, खाद, सिंचाई प्रभार जैसे भौतिक आदानों के उपयोग पर व्यय उपकरणों और फार्म भवनों का मूल्यह्रास, कार्यशील पूंजी पर ब्याज, पम्प सेटों आदि के प्रचलन के लिए डीजल / बिजली, विविध व्यय और पारिवारिक श्रम का आरोपित मूल्य।

प्रधान मंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा)

* केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 12 सितंबर 2018 को नई बृहत योजना 'प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान' पीएम-आशा को मंजूरी दे दी।
* इस योजना का उद्देश्य किसानों को 2018 के लिए केंद्रीय बजट के अनुसार उनके उत्पादन के लिए लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करना है।
* नई बृहत योजना में मूल्य सहायता योजना, मूल्य कमी भुगतान योजना और निजी खरीद और स्टॉकिस्ट योजना का पथ दर्शक शामिल है।
* इस कदम का उद्देश्य किसानों की आय की रक्षा करना है, जो कि किसानों के कल्याण की दिशा में एक बड़ी पहल है।

11 पौध संरक्षण

क्या करें ?

* रासायनिक कीट नाशकों की अपेक्षा जैव कीट नाशकों को प्राथमिकता प्रदान करें।
* कोई भी कीट नाशक प्रयोग करने से पहले कीटों के रोग प्रतिरोधकता अनुपात का पता लगाना चाहिए। समेकित कीट प्रबंधन आधारित कृषि पर्यावरण परिस्थिति (एईएसए) पद्धति विश्लेषण अपनाना चाहिए।
* मुख्य फसल (अन्तर्फसलीय / बार्डर फसलीय) के आस-पास ऐसी फसलें उगानी चाहिए जो किसान मित्र कीटों को आकर्षित करें जो हानिकारक कीटों से बचाव करें।
* गर्मी के मौसम में खेतों की गहरी जुताई करें।
* फसलों की प्रतिरोधी किस्मों का चयन करें एवं फसल चक्र, अन्त:फसल, ट्रैप क्राप अपनाकर कीट नियंत्रण करें।
* कीटों की निगरानी करने और उन्हें झुंडों में पकड़ने के लिए लाइट ट्रैप / चिपकने वाली ट्रैप / फेरोमोन ट्रैप का प्रयोग करें।
* कीटों जन्तुओं के जैविक नियंत्रण और रोगों के प्रतिरोध के लिए परजीवी कीट जीवों का उपयोग करें।
* यदि ऊपर लिखे हुए उपाय काम न आयें जो विशेषज्ञों की सिफारिश के अनुसार रासायनिक कीटनाशकों का प्रयोग करें।

रासायनिक कीटनाशकों का प्रयोग करते समय निम्नलिखित सावधानियां अपनायें।

* रासायनिक कीटनाशकों का प्रयोग करते समय बताए गये सभी सुरक्षा निर्देशों को अपनायें।
* कीटनाशकों का छिड़काव करते समय सुरक्षा के साधन जैसे मास्क, दस्तानें आदि का प्रयोग करें।
* हमेशा छिड़काव हवा की दिशा में करें और अपने आप को छिड़काव से सुरक्षित रखें।
* कीटनाशकों, पादप रक्षा यंत्रों आदि को बच्चों और पालतू पशुओं की पहुंच से दूर ताला बंद कमरे में रखें।
* कीटनाशक के प्रकोप से प्रभावित होने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें तथा कीटनाशक के डिब्बे व निर्देश पुस्तिका साथ ले जाएं।
* कीटनाशक के लेबल पर लिखे निर्देशों के अनुसार ही उसका प्रयोग करें।
* कीटनाशक की पर्ची पर लिखी हिदायतों के अनुसार कीटनाशक पात्र को नष्ट करें।

क्या पायें ?

क्र.सं.	सहायता का प्रकार	सहायता का पैमाना	स्कीम / घटक
पौध संरक्षण, संगरोधक एवं भण्डारण निदेशालय, फरीदाबाद, हरियाणा पूरे देश में फैले अपने 35 केन्द्रीय समेकित कीट प्रबंधन केन्द्रों के जरिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करता है। ये कार्यक्रम विशेषत: किसानों के लिए आयोजित किए जाते हैं। ये कार्यक्रम इस प्रकार हैं :-			
1.	सीआईपीएमसी के पर्यवेक्षण में किसनों, एनजीओ, कीटनाशक डीलरों के लिए गाँवों, कस्बों और शहरों में 2 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम		हरित क्रान्ति कृषोन्नति योजना - पौध संरक्षण एवं पौध संग रोधक से संबंधित उप मिशन (एसएमपीपी)
क.	प्रगतिशील किसानों और विस्तार अधिकारियों के लिए सीआईपीएमसी के पर्यवेक्षण में राज्य के संस्थानों में पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम	रू. 71,000/- प्रति प्रशिक्षण	
ख.	विभिन्न केन्द्रीय सीआईपीएमसी केन्द्रों के माध्यम से किसान खेत स्कूलों का आयोजन	रू. 3,30,000/- प्रति प्रशिक्षण	
ग.	कृषि विज्ञान केन्द्रों (केवीके) के माध्यम से किसान खेत पाठशाला का आयोजन	रू. 85,900/- प्रति प्रशिक्षण	
घ.		रू. 90,800/- प्रति प्रशिक्षण	
2.	कृषक खेत पाठशाला (एफएफएस) तिलहन	रू. 26,700/- प्रति खेत स्कूल	राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (तिलहन एवं ऑयल पॉम)
3.	पौध संरक्षण रसायनों, जैव कीट नाशियों / आईपीएम का वितरण	लागत का 50 प्रतिशत अथवा रू. 500/- प्रति हेक्टेयर, जो भी कम हो	राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन एवं बीआरआरआईआई
4.	खरपतवार नाशकों का वितरण	लागत का 50 प्रतिशत अथवा रू. 500/- प्रति हेक्टेयर, जो भी कम हो	राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन एवं बीआरआरईआई
5.	बागवानी फसलों में समेकित कीट प्रबंधन	रू. 1000/- प्रति हेक्टेयर की दर से, प्रति लाभार्थी अधिकतम 4 हेक्टेयर	एमआईडीएच के अंतर्गत एनएचएम / एचएमएनईएच उप स्कीम

पौध संरक्षण उपकरणों की खरीद के लिए वित्तीय सहायता का विवरण पौध संरक्षण के अंतर्गत अध्याय ''मशीनीकरण एवं प्रौद्योगिकी'' और राष्ट्रीय तिलहन एवं ऑयलपाम मिशन का मिनी मिशन-1 (तिलहन) के अंतर्गत दिया गया है।

किससे संपर्क करें ?

जिला कृषि अधिकारी / परियोजना निदेशक (आत्मा)

12 सतत् कृषि

क्या करें ?

* कृषि जलवायु परिस्थितियों के अनुकूल फसल / फसल पद्धति को बढ़ावा दें।
* पशु पालन, मछलीपालन, बागवानी, दुग्ध उत्पादन, कृषि वानिकी इत्यादि अपनाकर फसल / फसल-प्रणाली में विविधता लाए।
* चेक डैम, तालाबों, खेत तालाब, उथले / मध्यम तरह के ट्यूबवेलों, कुओं इत्यादि को सिंचाई का साधन बनाएं।
* सिंचाई की प्रभावी पद्धति, भूसमतलीकरण, मेड़बंधी, कंटूर बंडिंग, खाई निर्माण, मल्चिंग, रिज एवं कुंड पद्धति इत्यादि जैसी कम जल प्रयोग और नमी संरक्षण की तकनीकों को अपनाएं।

क्या पायें ?

राष्ट्रीय सतत कृषि मिशन (एनएमएसए) वर्षा क्षेत्र के लिए विकास घटक में सहायता

क्र.सं.	सहायता का प्रकार	सहायता की मात्रा	स्कीम
(क) एकीकृत कृषि पद्धति			
1.	चावल, गेहूं, मोटे अनाज / तिलहन / रेशम / दाल आधारित दो फसलों वाली कृषि पद्धति	आदान लागत का 50 प्रतिशत, जो रू. 10,000/- प्रति हेक्टेयर तक सीमित होगा। अधिकतम देय सहायता, 2 हेक्टेयर प्रति लाभार्थी तक सीमित होगी।	राष्ट्रीय सतत कृषि मिशन (एनएमएसए)
2.	बागवानी आधारित कृषि पद्धति (पौध रोपण + फसल / फसल पद्धति)	आदान लागत का 50 प्रतिशत, जो रू. 25,000/- प्रति हे. तक सीमित होगा। अधिकतम अनुदेय सहायता, 2 हे. प्रति लाभार्थी तक सीमित होगी।	- तदैव -
3.	वृक्ष / सिल्वीपाश्चरल / इन सीटू / एक्स सीटू गैर इमारती वन्य उत्पादों का इन सिटू संरक्षण (एनटीएफपी) (पौध रोपण, घास / फसल / फसल पद्धति)	आदान लागत का 50 प्रतिशत, जो रू. 15,000/- प्रति हे. तक सीमित होगा। अधिकतम अनुदेय सहायता, 2 हे. प्रति लाभार्थी तक सीमित होगी।	- तदैव -
4. पशुधन आधारित कृषि पद्धति			

क्र.सं.	सहायता का प्रकार	सहायता की मात्रा	स्कीम
4.1	संकरित गायें + मिश्रित खेती + चारा भैंसे + मिश्रित खेती + चारा गाय / भैंसे + दुग्ध उत्पादन + चारा गाय / भैंस + छोटे पशु	फसल प्रणाली के कुल आदान लागत का 50 प्रतिशत आदान लागत की अधिकतम सीमा रू. 40,000/- प्रति हे. है। आदान लागत में पशुओ की लागत एवं एक वर्ष का चारा सम्मिलित है। (पशुओं में 2 दुधारू पशु + 1 हे. फसल प्रणाली सम्मिलित है) यह सहायता अधिकतम 2 हे. प्रति लाभार्थी तक सीमित है।	राष्ट्रीय सतत कृषि मिशन (एनएमएसए)
4.2	छोटे पशु (रूमिनैन्ट्स) + मिश्रित कृषि + चारा मुर्गी पालन / बत्तख पालन + मिश्रित खेती मुर्गी पालन / बत्तख पालन + मत्स्य पालन + मिश्रित कृषि	फसल प्रणाली के कुल आदान लागत का 50 प्रतिशत आदान लागत की अधिकतम सीमा रू. 25,000/- प्रति हेक्टेयर है। इस 50 प्रतिशत आदान लागत में पशुओं की लागत एवं एक वर्ष का चारा सम्मिलित है। (पशुओं में 10 पशु / 50 पक्षी + 1 हेक्टेयर फसल प्रणाली (सीएस) सम्मिलित है। यह सहायता अधिकतम 2 हे. प्रति लाभार्थी तक सीमित है।	
5.	मत्स्य आधारित कृषि पद्धति	फसल / सब्जी प्रणाली की कुल आदान लागत का 50 प्रतिशत, जिसमें मछली पालन की लागत रू. 25,000/- प्रति हेक्टेयर है। यह सहायता अधिकतम 2 हेक्टेयर प्रति लाभार्थी तक सीमित है।	- तदैव -
6.	वर्मी कम्पोस्ट इकाई / जैविक आदान उत्पादन इकाई / हरी खाद	लागत का 50 प्रतिशत, जो अधिकतम रू. 125/- घन फुट तक सीमित होगा। स्थायी संरचना के लिए रू. 50,000/- प्रति इकाई और एचडीपीई वर्मी बेड के लिए रू. 8,000/- प्रति इकाई / हरी खाद के लिए लागत का 50 प्रतिशत, जो अधिकतम रू. 2,000/- प्रति हे. तक होगा और प्रति लाभार्थी 2 हे. तक सीमित होगा।	- तदैव -

क्र.सं.	सहायता का प्रकार	सहायता की मात्रा	स्कीम
7.	पूरे वर्ष हरा चारा उपलब्धता हेतु साइलेज बनाना	ईंट और सीमेंट मसाला से 2100-2500 घनफुट का साइलो पिट (भूमि के नीचे अथवा भूमि के ऊपर) बनाना तथा साथ में चारा कटर एवं तराजू का प्रावधान साइलो पिट चारा कटर और तौलने की तराजू से साइलेज बनाने के लिए 100 प्रतिशत सहायता, जो प्रति कृषि परिवार रू. 1.25 लाख तक सीमित होगी।	राष्ट्रीय सतत कृषि मिशन (एनएमएसए)
8.	कटाई पश्चात् भण्डारण / एनटीएफपी का मूल्य संवर्द्धन	अधिक आर्थिक लाभ लेने के लिए कृषि उत्पादों के मूल्य संवर्धन हेतु छोटे गांव स्तर पर भण्डारण / पैकिंग प्रसंस्करण यूनिट का निर्माण भण्डारण / प्रसंस्करण इकाई के लिए पूंजी लागत का 50 प्रतिशत, जो अधिकतम रू. 4,000/- प्रति वर्ग मीटर की सीमा में होगा और प्रति यूनिट रू. 2 लाख की अधिकतम सहायता दी जा सकती है।	

किससे संपर्क करें ?

जिला कृषि अधिकारी / जिला बागवानी अधिकारी / परियोजना निदेशक (आत्मा)

राष्ट्रीय सतत कृषि मिशन (एनएमएसए) के तहत कृषि वानिकी उपमिशन

''हर मेंढ पर पेड़''

कृषि फसलों के साथ वृक्षारोपण

क्या करें ?

* फसल / फसल प्रणाली के साथ कृषि भूमि पर वृक्षारोपण 'हर मेढ़ पर पेड़'।
* लघु, मध्यम और दीर्घकालिक रिटर्न वाले बहुउद्देशीय पेड़ों की प्रजातियां लगाई जाए, ताकि किसान नियमित अंतराल पर अतिरिक्त आय प्राप्त कर सकें। इसमें फल, चारा, औषधीय, लकड़ी और खुशबूदार प्रजातियों के पेड़ शामिल किये जा सकते हैं।
* इस योजना को उन राज्यों में लागू किया जा रहा है, जिन्होंने चयनित पेड़ प्रजातियों को पारगमन परमिट से छूट दी थी।

आप क्या प्राप्त कर सकते हैं ?

क्र. सं.	सहायता का प्रकार	सहायता का स्वरूप	योजना
1.	गुणववत्ता रोपण सामग्री (एनडीक्यूपीएम) के उत्पादन के लिए नर्सरी विकास	छोटी नर्सरी (0.5 ha) : 10.00 लाख रूपये बड़ी नर्सरी (1.0 हेक्टेयर) : 16.00 लाख रूपये हाई-टेक नर्सरी: 40.00 लाख रूपये	कृषि वानिकी पर उप मिशन
2.	परिधीय और सीमा बागान (पीबीपी)	अधिकतम 70/- रूपये प्रति पौधा सहायता 40:20:20:20 के अनुपात में चार वर्ष में दी जाएगी	-वही-
3.	कृषि भूमि पर कम सघनता रोपण (एलडीपीएफएल)	<100 पौधे/हेक्टेयर से कम : पौधों की वास्तविक संख्या के अनुसार/ 70/- रूपये प्रति पौधा >100 तक 500 पौधे/हेक्टेयर : 28000 रूपये (या तीव्रता रोपण के अनुपात में) सहायता 40:20:20:20 के अनुपात में चार वर्ष में दी जाएगी।	-वही-

क्र. सं.	सहायता का प्रकार	सहायता का स्वरूप		योजना
4.	उच्च सघनता ब्लॉक रोपण (एचडीबीपी)	ब्लॉक बागानों का आयाम (पौधों की संख्या/1 हेक्टेयर ब्लॉक)	ब्लॉक के लिए सांकेतिक कुल लागत (रुपये)	–वही–
		500 से 1000 (दूरी 3.5 मीटर x 3.5 मीटर)	30000	
		> 1000 से 1200 (दूरी 3 मीटर x 3 मीटर)	35000	
		> 1200 से 1500 (दूरी 2.5 मीटर x 2.5 मीटर)	45000	
		> 1500 (दूरी 2.5 मीटर x 2.5 मीटर से कम)	50000	
		सहायता 40:20:20:20 के अनुपात में चार वर्ष में दी जाएगी		
उत्तरपूर्वी क्षेत्र के 8 राज्यों को छोड़कर सभी राज्यों के लिए केन्द्र और राज्य सरकार के बीच प्रस्तावित फंडिंग पैटर्न 60:40 है। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखण्ड और जम्मू-कश्मीर के पहाड़ी राज्यों में फंड शेयरिंग 90:10 होगी। भारत सरकार के संघ शासित प्रदेशों के लिए सहायता 100 प्रतिशत होगी।				

किससे संपर्क करें ?

जिला कृषि अधिकारी / जिला वन अधिकारी

एनएमएसए के अन्तर्गत राष्ट्रीय बांस उप मिशन

राष्ट्रीय बांस उप मिशन (एनबीएम) गैर वन सरकार और निजी भूमि, किसानों के खेतों, गृहस्थों, सामुदायिक भूमि, खाली पड़ी जमीन, और सिंचाई नहरों, जल निकायों आदि के साथ लागू किया जाएगा।

लागत मानदंडों और निधिकरण पद्धति सहित हस्तक्षेप

क्र. सं.	प्रयोगात्मक गतिविधियाँ		संकेतक इकाई लागत (अधिकतम सीमा) (लाख रूपये में)	सहायता का स्वरूप
क. प्रसार और खेती				
1.	सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों दोनों में बांस नर्सरी में सहायता व मजबूती (परियोजना पर आधारित)	हाई-टेक (2 हेक्टेयर) बड़ा (1 हेक्टेयर) छोटा (0.5 हेक्टेयर)	50 16 10	क्रेडिट लिंक्ड बैंक एंडिड सब्सिडी के रूप में सरकारी क्षेत्र में 100 प्रतिशत और निजी क्षेत्र में लागत का 50 प्रतिशत।
2.	बंजर भूमि सहित सरकारी / पंचायत / सामुदायिक भूमि में उच्च घनत्व का बांस वृक्षारोपण।		तीन वर्ष तक 1.00 लाख रूपये प्रति हेक्टेयर	तीन वर्षों में लागत का 100 प्रतिशत सरकारी और लागत का 50 प्रतिशत 2 हेक्टे. तक (3000 तक पौधे), 2-4 हेक्टेयर तक लागत का 20 प्रतिशत (10000 पौध तक) (50:30:20) पूर्वोत्तर राज्यों के लिए 10 प्रतिशत की अतिरिक्त सहायता। 4 हेक्टेयर से अधिक वृक्षारोपण पर कोई सब्सिडी नहीं दी जाएगी। संरक्षण निधि को प्रदर्शन आधार पर रखा जाएगा। (उत्तरजीविता प्रतिशत पैरा 10.24 के अनुसार)
3.	किसानों के खेत में ब्लॉक वृक्षारोपण / सीमा वृक्षारोपण		1.00 लाख रूपये प्रति हेक्टेयर (240/- रूपये प्रति पौधे के बराबर)	सरकारी क्षेत्रों में तीन वर्षों (50:30:20) में लागत का 100 प्रतिशत सरकारी और निजी क्षेत्रों में लागत का 50 प्रतिशत तक संरक्षण निधि को प्रदर्शन आधार पर रखा जाएगा। (उत्तरजीविता प्रतिशत पैरा 10.24 के अनुसार)

क्र. सं.	प्रयोगात्मक गतिविधियाँ		संकेतक इकाई लागत (अधिकतम सीमा) (लाख रूपये में)	सहायता का स्वरूप
ख. बांस उपचार और संरक्षण को बढ़ावा				
1.	बांस उपचार और मौसमी पौध रोपण की स्थापना	सरकारी और निजी क्षेत्रों के लिए	20 (परियोजना आधारित)	क्रेडिट लिंक्ड बैंक एंडिड सब्सिडी के रूप में लागत का 50%
2.	कार्बोनिकरण पौधा रोपण	निजी क्षेत्र में	30 (परियोजना आधारित)	– वही –
3.	आजीविका व्यापार इनक्यूबेटर की स्थापना	सरकारी / निजी क्षेत्र	100 (परियोजना आधारित)	केवल पौधों और मशीनरी की खरीद के लिए सरकारी संस्थान को 100 प्रतिशत एवं निजी क्षेत्र को 50 प्रतिशत सहायता
ग. उत्पाद विकास एवं प्रसंस्करण				
1.	बांस की मूल्य वृद्धि के लिए प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना (संख्या में)	क्रॉस कटिंग, टुकड़ा करने, विभाजन करने, गाँठ हटाने व आकार देने आदि के लिए इकाई की स्थापना	30 (परियोजना आधारित)	लागत का 50% (पूर्वोत्तर राज्यों के लिए 10% अतिरिक्त)
2.	प्राथमिक प्रसंस्करण इकाइयो में बांस कचरे का प्रबंधन	पैलेट एवं सक्रिय कार्बन जैसे मूल्यवर्धित उत्पादों को बनाने के लिए।	25 (परियोजना आधारित)	– वही –
3.	सूक्ष्म / मध्यम प्रसंस्करण इकाईयों की स्थापना (संख्या में)	हैंडीक्राफ्ट / लघु उद्योग	15 (परियोजना आधारित)	– वही –
		फर्नीचर बनाने में	25 (परियोजना आधारित)	– वही –
		कपड़ा / आभूषण बनाने में	15 (परियोजना आधारित)	– वही –
		बांस तना प्रसंस्करण	20 (परियोजना आधारित)	– वही –
		हवन सामग्री बनाने में	25 (परियोजना आधारित)	– वही –

क्र. सं.	प्रयोगात्मक गतिविधियाँ		संकेतक इकाई लागत (अधिकतम सीमा) (लाख रूपये में)	सहायता का स्वरूप
		फैब्रिक / फाइबर निकालने में	50 (परियोजना आधारित)	– वही –
		सार्वजनिक सुविधा केन्द्र (सीएफसी)	25 (परियोजना आधारित)	– वही –
		बांस बोर्ड / चटाई / लहरदार चादर / फर्श की टाइलें बनाने में	200 (परियोजना आधारित)	– वही –
		जैव ऊर्जा निष्कर्षण	200 (परियोजना आधारित)	– वही –
		सक्रियकृत कार्बन उत्पाद	200 (परियोजना आधारित)	– वही –
		इथेनॉल गैसीफायर	500 (परियोजना आधारित)	– वही –
घ. बांस बाजार के लिए बुनियादी ढांचे का विकास और प्रसार				
1.	बांस डिपो और गोदामों की स्थापना	सरकारी / निजी क्षेत्र	50 (परियोजना आधारित)	सरकारी क्षेत्र के लिए लागत का 100 प्रतिशत और निजी क्षेत्र के लिए क्रेडिट लिंक्ड बैंक एंडिड सब्सिडी के रूप में लागत के 25 प्रतिशत की सहायता (पूर्वोत्तर राज्यों के लिए 33 प्रतिशत)
2.	बांस मंडी (बांस बाजार स्थान) को बढ़ावा एवं ई–व्यापार	सरकारी क्षेत्र / निजी क्षेत्र	100 (परियोजना आधारित)	सरकारी क्षेत्र के लिए लागत का 100 प्रतिशत, निजी क्षेत्र के लिए 25 प्रतिशत सहायता (पूर्वोत्तर राज्यों के लिए 33 प्रतिशत)
3.	ग्रामीण हाट	खुदरा सीधी बिक्री	20 (परियोजना आधारित)	– वही –

क्र. सं.	प्रयोगात्मक गतिविधियाँ		संकेतक इकाई लागत (अधिकतम सीमा) (लाख रूपये में)	सहायता का स्वरूप
4.	बांस बाजार	राज्य के प्रमुख स्थानों पर मूल्यवर्धित उत्पादों के लिए खुदरा दुकानें	15 (परियोजना आधारित)	– वही –
च. औजार, उपकरण एवं मशीनरी का विकास				
1.	स्वदेशी औजार, उपकरण और मशीनरी की तकनीकी वृद्धि		परियोजना आधारित	सरकारी संस्थान को डिजाइन इत्यादि के विकास हेतु 100 प्रतिशत अनुदान, 50 प्रतिशत अनुदान ऐसी मशीन बनाने वाली इकाइयों के लिए जो इन मशीनों को विकसित कर रही है।
	सार्वजनिक सुविधा केन्द्र में तकनीकी रूप से बेहतर औजार, उपकरण और मशीनरी का आयात		– वही –	– वही –
छ. कौशल विकास और जागरूकता अभियान (5 प्रतिशत तक आवंटन)				
	(i) किसानों / कारीगरों / क्षेत्र कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण / अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण / बांस क्षेत्र में नई प्रौद्योगिकियों की जानकारी हेतु किसानों और उद्यमियों सहित एनबीएम कर्मचारियों के लिए प्रदर्शन यात्रा।	कौशल भारत मिशन के अनुसार लागत मानक अपनाया जाएगा।	परियोजना आधारित	लागत का 100%
	(ii) अंतर्राष्ट्रीय / राष्ट्रीय / राज्य / जिला में कार्यशाला / सेमिनार / प्रशिक्षण आयोजित करना।	परियोजना आधारित		100% सहायता

क्र. सं.	प्रयोगात्मक गतिविधियाँ		संकेतक इकाई लागत (अधिकतम सीमा) (लाख रूपये में)	सहायता का स्वरूप
	(iii) यात्रा, ठहरना / भाग लेने वाले कारीगरों को रूकाने सहित देशीय व्यापार मेला / अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला / प्रदर्शनी आदि में सहभागिता।	परियोजना आधारित		100% सहायता
ज. अनुसंधान एवं विकास (10% तक आवंटन)				
1.	प्रमाणिक रूप से बेहतर प्रजातियों / किस्मों की पहचान	परियोजना आधारित		निजी क्षेत्र के लिए रू. 10 लाख व सरकारी संस्थान के लिए 100% सहायता
2.	चिन्हित प्रजातियों / किस्मों + खेत प्रशिक्षण की मजबूती सहित टिसू कल्चर लैब की स्थापना			
3.	किसानों को सर्वोत्तम, कार्य दिखाने के लिए प्रदर्शन लगाना।			
4.	ऊष्मायन केन्द्र			
5.	बांस बाजार अनुसंधान			
झ. परियोजना प्रबंधन (5% तक आवंटन)				
	परियोजना प्रबंधन आकस्मिक निगरानी और मूल्यांकन	प्रस्ताव आधारित	5% तक	1000%

नोट : उत्तरपूर्वी क्षेत्र के 8 राज्यों को छोड़कर सभी राज्यों के लिए केन्द्र और राज्य सरकार के बीच प्रस्तावित फंडिंग पैटर्न 60:40 है। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर के पहाड़ी राज्यों में फंड शेयर 90:10 और संघ शासित प्रदेशों / बीटीएसजी (मौजूदा) के मामले में 100% होगा। यदि एनबीएम (मुख्यालय) द्व ारा किसी विशिष्ट परियोजना / हस्तक्षेप के लिए किसी केन्द्रीय संस्थान को सीधे निधि जारी की जाती है, तब निधि में 100% केन्द्रीय शेयर होगा।

13 कृषि बीमा : प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना

क्या करें ?

* प्राकृतिक जोखिमों जैसे - प्राकृतिक आपदा/संकट, कीट, कृमि और रोग एवं विपरीत मौसम परिस्थितियों के विरूद्ध अपने आपको वित्तीय सुरक्षा प्रदान करना।
* अपने क्षेत्र में लागू उचित फसल बीमा योजना से लाभ उठाना।
* इस समय प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफआईएस), मौसम आधारित फसल बीमा योजना (डब्ल्यूबीसीआईएस), नारियल पाम बीमा योजना (सीपीआईएस) और 45 जिलों में पायलेट एकीकृत पैकेज बीमा योजना (यूपीआईएस) नामक 4 बीमा योजनाएं कार्यान्वित की जा रही है।
* यदि आप अधिसूचित फसलों के लिए फसल ऋण लेते हैं तो अपने आपको पीएमएफबीवाई/डब्ल्यूबीसीआईएस/सीपीआईएस/यूपीआईएस के अंतर्गत शामिल होना अनिवार्य है।
* गैर ऋणी किसानों के लिए इसमें शामिल होना स्वैच्छिक है।
* फसल बीमा योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने के लिए अपने क्षेत्र में राज्य के कृषि विभाग के अधिकारी/कार्यरत बैंक/पैक्स (पीएसीएस) जन सूचना केन्द्र अथवा फसल बीमा कम्पनी की निकटवर्ती शाखा से सम्पर्क करें।

क्या पायें ?

क्र. सं.	योजनाएं	सहायता
1.	प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई)	* राज्य द्वारा अधिसूचित खाद्य फसलों, तिलहनों और वार्षिक बागवानी / वाणिज्यिक फसलों के लिए सुरक्षा बीमा। * सभी किसानों के लिए एक समान रूप में निर्धारित प्रीमियम : i) खरीफ मौसम में बीमित राशि का अधिकतम 2% ii) रबी मौसम में बीमित राशि का अधिकतम 1.5% iii) वार्षिक वाणिज्यिक/बागवानी फसल में बीमित राशि का अधिकतम 5% * बीमांकिक प्रीमियम और किसानों द्वारा देय प्रीमियम दर के बीच अंतर केन्द्र और राज्य सरकारों द्वारा समान रूप से साझा किया जायेगा। * पूर्ण क्षतिपूर्ति बिना कटौती या कमी के। * यदि विपरीत मौसम/जलवायु के कारण बुवाई नहीं हो पाती है तो बुवाई / रोपण जोखिम के लिए बीमित राशि के 20% तक दावा / क्षतिपूर्ति देय होगी। * जब फसल उपज अधिसूचित फसल की गारंटीशुदा उपज से कम हो, तब सभी बीमित किसानों को क्षतिपूर्ति भुगतान स्तर उपज में कमी के अनुसार देय होगा। * यदि फसल के मध्य में ही 50% फसल की हानि हो जाती है तो तत्काल राहत के रूप में 25% तक संभावित दावों का भुगतान अग्रिम किया जायेगा।

क्र. सं.	योजनाएं	सहायता
		* बाढ़, ओलावृष्टि और भूस्खलन की वजह से नुकसान का मूल्यांकन खेत स्तर पर किया जाएगा। * खेत में कटाई के उपरान्त खेत में सुखाने हेतु रखी फसल यदि 14 दिनों के अन्दर चक्रवाती बारिश व बेमौसम बारिश के कारण खराब हो जाती है और क्षतिपूर्ति का आकलन खेत स्तर पर किया जाएगा। * दावों के त्वरित निपटान हेतु रिमोट सैंसिंग प्रौद्योगिकी और ड्रोन का प्रयोग किया जाएगा। * बीमा कम्पनी का चयन राज्य सरकार द्वारा टेन्डर के माध्यम से किया जायेगा।
2.	मौसम आधारित फसल बीमा योजना (डब्ल्यूबीसीआईएस)	* राज्य द्वारा अधिसूचित खाद्य फसलों, तिलहनों और बागवानी / वाणिज्यिक फसलों के लिए सुरक्षा बीमा योजना। * पीएमएफबीवाई के समान सभी किसानों के लिए निर्धारित प्रीमियम जैसे :- क. खरीफ मौसम - बीमित राशि का अधिकतम 2% ख. रबी मौसम - बीमित राशि का अधिकतम 1.5% ग. वाणिज्यिक / बागवानी फसल - बीमित राशि का 5% * किसानों द्वारा देय वास्तविक प्रीमियम तथा बीमा के दर के बीच अंतर को केंद्र एवं राज्य द्वारा समान रूप से साझा किया जाएगा। * यदि मौसम (वर्षा / तापमान / संबद्ध आर्द्रता / हवा की गति आदि) अधिसूचित फसलों के प्रत्याभूति गारंटी मौसम सूची से भिन्न (कम अथवा अधिक) होते हैं, तब अधिसूचित क्षेत्रों के सभी बीमित किसानों के लिए भिन्नता / कमी के समतुल्य क्षतिपूर्ति भुगतान देया है। * व्यक्तिगत फार्म स्तर पर ओलावृष्टि तथा बादल फटने के कारण हानियों का आकलन करने का प्रावधान है। * बीमा कम्पनी का चयन राज्य सरकार द्वारा टेन्डर के माध्यम से किया जायेगा।

क्र. सं.	योजनाएं	सहायता
3.	अधिसूचित जिलों में पायलट के रूप में एकीकृत पैकेज बीमा योजना (यूपीआईएस)	* किसानों को वित्तीय संरक्षण एवं फसल परिसंपत्ति, जीवन तथा विद्यार्थी सुरक्षा की व्यापक जोखिम कवरेज प्रदान करने हेतु। * पायलट में सात खण्ड अर्थात् फसल बीमा (पीएमएफबीवाई / डब्ल्यूबीसीआईएस), जीवन ही हानि (पीएमजेजेबीवाई), दुर्घटना मृत्यु एवं विकलांगता, विद्यार्थी सुरक्षा, परिवार, कृषि उपकरण एवं ट्रैक्टर शामिल। * फसल बीमा को अनिवार्य किया जाएगा तथापि किसान शेष में से कम से कम दो खण्ड का चुनाव कर सकते हैं। * किसान एक सामान्य प्रस्ताव / आवेदन प्रपत्र तथा एकल व्यवस्था के माध्यम से किसानों के लिए सभी अपेक्षित बीमा उत्पादों को प्राप्त कर सकते हैं। * बीमा परिसंपत्तियों के अलावा सरकार की दो फ्लैगशिप योजनाएं यथा पीएमएसबीवाई एवं पीएमजेजेबीवाई को शामिल किया गया है। * एकल व्यववस्था पटल के माध्यम से पायलट योजना को कार्यान्वित किया जाएगा। * व्यक्तिगत दावे रिपोर्ट के आधार पर दावों (फसल बीमा के अलावा) का प्रसंस्करण।

किससे संपर्क करें ?

बैंक की नजदीकी शाखा / कृषि सहकारी समितियां / जन सूचना केन्द्र / सहकारी बैंक / क्षेत्र के लिए अधिसूचित सामान्य बीमा कंपनी तथा जिला कृषि अधिकारी / खंड विकास अधिकारी से संपर्क स्थापित किया जा सकता है अथवा वैब पोर्टल www.pmfby.gov.in पर देखे जा सकते हैं।

14 मॉडल कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग एक्ट 2018

* भारत सरकार द्वारा पहली बार देश के किसानों तथा कृषि आधारित उद्योगों को जोड़ा गया है।
* एक एक्ट के माध्यम से जहाँ एक तरफ कृषि जींसों का अच्छा दाम किसानों को मिल सकेगा, वहीं फसल कटाई उपरांत नुकसानों को कम किया जा सकेगा। साथ ही इससे ग्रामीण क्षेत्रों में नए रोजगार के अवसर भी पैदा हो सकेंगे।
* किसानों को भूमि / परिसर में कोई स्थायी संरचना विकसित नहीं की जा सकती है।
* किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) / किसान उत्पादक कंपनियों (एफपीसी) को बढ़ावा दिया जाएगा ताकि किसानों को संगठित किया जा सके।
* यदि किसानों द्वारा अधिकृत किया गया तो एफपीओ / एफपीसी एक अनुबंध पार्टी हो सकती है।
* संविदा खेती प्रायोजक को भूमि के अधिकार, शीर्षक, स्वामित्व का कब्जे का हस्तांतरण एवं विमुख करने का अधिकार नहीं होगा।
* संविदा के अनुसार एक या अधिक कृषि उपज, पशुधन या अनुबंध कृषि उपज के उत्पाद की पूरी मात्रा पूर्व-सहमत दर पर खरीद सुनिश्चित करना है।
* गाँव / पंचायत स्तर पर संविदा खेती और सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए संविदा खेती सुविधा समूह (सीएफएफजी) का प्रावधान किया गया है।
* विवाद निपटारण का प्रावधान जहां तक संभव है सबसे निचले स्तर पर किया गया है ताकि वहां तक पहुंच आसान हो एवं विवादों का निपटारण जल्दी-से-जल्दी किया जा सके।
* कृषि सुधारों के संदर्भ में यह अत्यंत ही महत्वपूर्ण कदम है जिसके माध्यम से भू-धारकों एवं लीज प्राप्तकर्ता की जरूरतों का भी ख्याल रखा गया है।
* इस एक्ट के माध्यम से भू-धारक वैधानिक रूप से कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों के लिए आपसी सहमति से भूमि लीज पर दे सकते हैं। यहां भी ध्यान रखा गया है कि किसी भी परिस्थिति में लीज प्राप्तकर्ता का कृषि भूमि पर कोई दावा मान्य नहीं होगा।
* लीज प्राप्तकर्ता के दृष्टिकोण से यह ध्यान दिया गया है कि उसे संस्थागत ऋण, इंश्योरेंस तथा आपदा राहत राशि उपलब्ध हों, जिससे उनके द्वारा अधिक-से-अधिक कृषि पर निवेश हो सके।
* भू-धारक एवं लीज प्राप्तकर्ता के बीच विवाद को सुलझाने के लिए सिविल कोर्ट के अन्दर Special Land Tribunal तथा मध्यस्थता का प्रावधान किया गया है।

नोट :

यह पुस्तिका भारत सरकार के द्वारा वेबसाईट पर दी गयी सूचना के आधार पर इस पुस्तक का हिन्दी में अनुवार किया गया है। भाषा में अन्तर सम्भावित हो सकता है।

इसके किसी भी त्रुटि हेतु प्रकाशक, सम्पादक या संकलनकर्त्ता जिम्मेदार नहीं है।

This book can not be used for legal purpose.

राज्यस्तरीय कृषि प्रबंधन प्रसार-सह-प्रशिक्षण संस्थान
(समेति), झारखण्ड
कृषि भवन, द्वितीय तल, काँके रोड, राँची, झारखण्ड - **834008**
वेबसाईट : www.sameti.org
ई.मेलः sametijharkhand@rediffmail.com

© सर्वाधिकार सुरक्षित